>

Title: Need to provide enhanced passenger facilities at Gwalior Railway Station and develop it as a World Class station-laid.

श्रीमती यशोधरा राजे सिंधिया (ग्वालियर): ग्वालियर स्टेशन मध्य प्रदेश के व्यस्ततम स्टेशनों में से एक है। चैन्नई, बंगलौर एवं दक्षिण भारत की प्रमुख ट्रेनें जी.टी. एक्सप्रेस, तमिलनाडु एक्सप्रेस, कर्नाटका एक्सप्रेस, केरला एक्सप्रेस, बंगलौर राजधानी, चैन्नई राजधानी, ए.पी. एक्सप्रेस, निजामुद्दीन त्रिवेन्द्रम एक्सप्रेस आदि गाड़ियां ग्वालियर से होकर जाती हैं। मुंबई को जाने वाली प्रमुख ट्रेनें पंजाब मेल, दादर-बरेली एक्सप्रेस, मंगला एक्सप्रेस, गोवा एक्सप्रेस, लश्कर एक्सप्रेस आदि ग्वालियर से ही होकर जाती हैं, जिसके कारण रेल मंत्रालय के विश्व स्तरीय रेलवे उन्नयन कार्यक्रम के अंतर्गत भोपाल एवं इंदौर रेलवे स्टेशन की तर्ज पर ग्वालियर स्टेशन को सम्मिलित करना अति आवश्यक है।

ग्वालियर न सिर्फ एक संभागीय मुख्यालय है वरन् एक पौराणिक, ऐतिहासिक धरोहर वाली नगरी भी है, जो मध्य भारत का महत्वपूर्ण व्यवसायिक एवं शिक्षा का हब बनता जा रहा है। राजनीतिक, प्रशासनिक एवं पर्यटन की दृष्टि से यह दिल्ली और भोपाल के बीच का एक अत्यंत ही महत्वपूर्ण केन्द्र बिन्दु है।

अतः सरकार से मांग है कि ग्वालियर स्टेशन को विश्वस्तरीय रेलवे उन्नयनीकरण योजना के अंतर्गत चयनित कर यात्री सुविधाएं एवं स्टेशन का विकास व विस्तार प्रदान करने की दिशा में शीघ्रातिशीघ्र कार्यवाही करने का कष्ट करें।